**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांक 31 जनवरी, 2019 को अपरान्ह 12:15 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में सम्पन्न हुयी 2019/01 बैठक (संख्या चतुर्थ) का कार्यवृत्तः**

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) 2019/01 बैठक (संख्या चतुर्थ) दिनांक 31 जनवरी, 2019 को अपरान्ह 12:15 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में सम्पन्न हुयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित रहें:-

| क्रमांक | नाम/पदनाम | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह, मा0 कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 रघुनन्दन सेनगुप्ता, आई0एम0ई0 विभाग, आईआई0टी0 कानपुर | वाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो0 गोपीनाथ, आचार्य, वाणिज्य विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | वाह्य सदस्य |
| 4. | प्रो0 के0 जी0 उपाध्याय, आचार्य, विद्युत अभि0 विभाग | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एस0 के0 श्रीवास्तव, आचार्य, यांत्रिक अभि0 विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राकेश कुमार, आचार्य, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग | सदस्य |
| 7. | प्रो0 ए0 एन0 तिवारी, आचार्य, विद्युत अभि0 विभाग | सदस्य |
| 8. | प्रो0 आर0 के0 चौहान, आचार्य, विद्युतकण एवं संचार अभि0 विभाग | सदस्य |
| 9. | डा0 आर0 के0 शुक्ला, सह आचार्य, जनपदीय अभि0 विभाग | सदस्य |
| 10. | श्री जी0 एस0 त्रिपाठी, सह आचार्य, विद्युतकण एवं संचार अभि0 विभाग | सदस्य |
| 11. | श्री आर0 डी0 पटेल, सह आचार्य, जनपदीय अभि0 विभाग | सदस्य |
| 12. | प्रो0 डी0 के0 द्विवेदी, आचार्य, प्रयुक्त विज्ञान विभाग | सदस्य/सचिव |

नोट : ई0 जे0 पी0 मसकरा उद्योगविद्, प्रबन्ध निदेशक, दी महाबीर जूट मिल्स लि0, सहजनवॉं, गोरखपुर अपरिहार्य कारणों से बैठक में प्रतिभाग नही कर सकें।

**आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-**

2019.1.01 **अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी0, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रारम्भिक अभियुक्ति को अंकित किया जाना।**

माननीय कुलपति द्वारा आई0क्यू0ए0सी0 की चतुर्थ बैठक के आरम्भ होने से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में सम्पादित विभिन्न कार्यो की अद्यतन स्थिति के बारे में संक्षिप्त विचार रखा गया, जिसमें से प्रमुख उपलब्धियॉं निम्नवत है:

1. विश्वविद्यालय द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2019-20 से निम्न 02 स्नातक तथा 01 परास्नातक पाठ्यक्रम आरम्भ किया जा रहा है:
   i. BBA (Bachelor of Administration) - Intake 60
   ii. B.Tech (IT) - Intake 60
   iii. M.Sc. in Mathematics with Specialisation in Computing - Intake-30

2. विश्वविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के दृष्टिगत गत वर्ष -2017 की कौंसलिंग में 2300 जनरल रैंक तक भरी बी0टेक0 की सीटो के सापेक्ष वर्ष -2018 की कौंसलिंग में मात्र 1100 जनरल रैंक तक बी0टेक0 की सभी सीट भर गयी।
3. विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों हेतु विभिन्न पुरस्कार यथा MESA/MOTA/MUSA आरम्भ किये गये।
4. विश्वविद्यालय द्वारा टेक्विप तृतीय चरण के अन्तर्गत रू0 6000.00 ए0जी0पी0 पर कार्यरत सहायक आचार्यो को उनके द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ किये जाने हेतु रू0 2.0 लाख तक की वित्तीय सहायता के लिए Research Initiation Grant योजना का आरम्भ किया गया है।
5. सभी संकाय सदस्यो को विभिन्न Professional Bodies के वार्षिक/आजीवन सदस्यता हेतु विश्वविद्यालय स्तर से Membership Fee का भुगतान किया जा रहा है।
6. सभी संकाय सदस्यों तथा स्नातक/परास्नातक/शोध छात्रों द्वारा कान्फ्रेन्स/सेमीनार/कार्यशाला इत्यादि में प्रतिभाग करने पर Travel तथा Registration शुल्क का विश्वविद्यालय स्तर से प्रतिपूर्ति किया जा रहा है।
7. विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र/छात्राओं हेतु कई नये प्रायोजित मेडल/विश्वविद्यालय मेडल तथा स्कालरशिप आरम्भ की गयी है।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी UPCON-2018 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

2019.1.02 <u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आई0क्यू0ए0सी0 की 2017/01 (तृतीय) बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न हुई आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की 2017/01 (तृतीय) बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

2019.1.03 <u>आई0क्यू0ए0सी0 की 2017/01 (तृतीय) बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वित किये जाने का विवरण।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) को दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न हुई की 2017/01 (तृतीय) बैठक में लिए गये निर्णयों को क्रियान्वित किये जाने के विवरण से अवगत कराया गया।

2019.1.04 <u>वर्तमान सत्र 2018-19 में विश्वविद्यालय के सभी स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के विवरण का अवलोकन।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा वर्तमान सत्र 2018-19 में विश्वविद्यालय के सभी स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के विवरण का अवलोकन किया गया।

2019.1.05 <u>डाक्टोरल प्रोग्राम की समीक्षा।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोध छात्रों की सूची व शोध कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत हुयी एवं भारत सरकार के द्वारा हाल ही में केन्द्रीय शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो एवं UGC/CSIR की JRF की स्कालरशिप में की

गयी वृद्वि के दृष्टिगत वर्तमान में विश्वविद्यालय में रिसर्च कम टिचिंग फेलो के रूप में कार्य कर रहे शोधार्थियों को दिये जा रहे रू0 22000.00 प्रतिमाह के स्थान पर रू0 25000.00 प्रतिमाह स्कालरशिप दिये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया।

2019.1.06 **शैक्षणिक सत्र 2017-18 के इवेन तथा सत्र 2018-19 के आड सेमेस्टर के परीक्षाफल के विषयवार विश्लेषण की समीक्षा।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2017-18 के इवेन तथा सत्र 2018-19 के आड सेमेस्टर के परीक्षाफल के विषयवार विश्लेषण की समीक्षा की गयी।

2019.1.07 **विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 6-8 जुलाई, 2018 की तिथियों में आयोजित द्वितीय Malaviya Research Conclave – 2018 की रिपोर्ट का अवलोकन तथा तृतीय Malaviya Research Conclave – 2019 दिनांक 24-26 फरवरी, 2019 में आयोजित किये जाने की सूचना।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा दिनांक 6-8 जुलाई, 2018 की तिथियों में आयोजित Malaviya Research Conclave – 2018 जिसमें देश-विदेश के विद्वानों द्वारा दिये गये प्रस्तुतिकरण के प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया एवं तृतीय Malaviya Research Conclave – 2019 दिनांक 24-26 फरवरी, 2019 में आयोजित किये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

2019.1.08 **विश्वविद्यालय के द्वितीय Academic Audit की रिपोर्ट का अवलोकन एवं समीक्षा।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा Academic Audit रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। साथ ही साथ प्रकोष्ठ, Academic Audit समिति द्वारा इंगित/सुझाये गये विभिन्न बिन्दुओं के सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत हुयी।

2019.1.09 **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक सत्र 2017-18 के इवेन तथा सत्र 2018-19 के आड सेमेस्टर हेतु विषयवार दिये गये Feedback पर कार्यवाही की सूचना।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक सत्र 2017-18 के इवेन तथा सत्र 2018-19 के आड सेमेस्टर हेतु विषयवार दिये गये Feedback पर कार्यवाही की सूचना से अवगत हुयी।

2019.1.10 **शैक्षिक सत्र 2019-20 के लिए बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु Eligibility Criteria में किये गये संशोधन का अवलोकन।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) शैक्षिक सत्र 2019-20 के लिए बी0टेक0/एम0बी0ए0/एम0सी0ए0 एवं एम0एस0सी0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु Eligibility Criteria में किये गये संशोधनो के साथ-साथ आगामी सत्र से आरम्भ हो रहे बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित Eligibility Criteria से अवलोकित हुयी।

2019.1.11 **विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की आठवीं तथा नवम् बैठकों के कार्यवृत्तों का अवलोकन।**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की आठवीं तथा नवम् बैठकों के कार्यवृत्तों का अवलोकन किया गया।

2019.1.12 **<u>विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2017-18 से छात्रहित में आरम्भ किये गये Summer Term कक्षाओं की सूचना तथा सत्र 2017-18 में उक्त के अन्तर्गत पंजीकृत तथा उत्तीर्ण छात्रों के विवरण का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा छात्रहित में आरम्भ किये गये Summer Term कक्षाओं की सूचना तथा सत्र 2017-18 में उक्त के अन्तर्गत पंजीकृत तथा उत्तीर्ण छात्रों के विवरण का अवलोकन किया गया।

2019.1.13 **<u>आई0क्यू0ए0सी0 की दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न तृतीय बैठक के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों हेतु आरम्भ किये गये विभिन्न पुरस्कारों यथा MESA/MOTA/MUSA का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) ने विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों हेतु आरम्भ किये गये विभिन्न पुरस्कारों यथा MESA/MOTA/MUSA का अवलोकन किया गया तथा विश्वविद्यालय के कार्यो में गुणवत्ता को और अधिक बेहतर किये जाने के दृष्टिगत उक्त को एक सराहनीय कदम बताया।

2019.1.14 **<u>विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं/इंडस्ट्री से किये गये MOUs की अद्यतन स्थिति के विवरण का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय एवं छात्रहित में विभिन्न संस्थाओं/इंडस्ट्री से किये गये समझौता करारों (MOUs) की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया गया एवं सराहना की गयी।

2019.1.15 **<u>विश्वविद्यालय द्वारा आरम्भ किये गये विभिन्न छात्रवृत्तियों/गोल्ड मेडल/प्रायोजित मेडल का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आरम्भ किये गये विभिन्न छात्रवृत्तियों/गोल्ड मेडल/प्रायोजित मेडलो के विवरण से अवगत हुयी।

2019.1.16 **<u>आई0क्यू0ए0सी0 की दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न तृतीय बैठक के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न प्रशिक्षण/संगोष्ठी/फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम तथा UPCON-2018 का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा तृतीय बैठक के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न प्रशिक्षण/संगोष्ठी/फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम इत्यादि का अवलोकन किया गया (संलग्नक-1) तथा आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ UPCON-2018 की रिपोर्ट से अवगत हुयी।

2019.1.17 <u>विश्वविद्यालय द्वारा मालवीय इंट्रेस टेस्ट - 2018 के प्रथम 20 टापर छात्रों तथा 20 टापर छात्राओं को पंचम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिनाक 01 दिसम्बर, 2018 को दिये गये Tablet के विवरण का अवलोकन।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा मालवीय इंट्रेस टेस्ट - 2018 के प्रथम 20 टापर छात्रों तथा 20 टापर छात्राओं को पंचम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिनाक 01 दिसम्बर, 2018 को दिये गये Tablet के विवरण के विवरण से अवगत हुयी तथा प्रकोष्ठ द्वारा आगामी प्रवेश परीक्षा से बी0टेक0 की भांति एम0टेक0/एम0बी0ए0/एम0सी0ए0/ एम0एस0सी0 तथा बी0बी0ए0 की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले टॉपर छात्र/छात्रा को टैबलेट दिये जाने का सुझाव दिया गया।

2019.1.18 **<u>विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018-19 के सम सेमेस्टर से ऐसे छात्र जो UGC/CSIR द्वारा आयोजित की जाने वाली Junior Research Fellowship (JRF) परीक्षा उत्तीर्ण किये है अथवा वाह्य संस्थाओं/एजेन्सीयों द्वारा प्रायोजित शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो/जे0आर0एफ0 आदि, को Ph.D. में प्रवेश दिय जाने के निर्णय का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा सत्र 2018-19 के सम सेमेस्टर से ऐसे छात्र जो UGC/CSIR द्वारा आयोजित की जाने वाली Junior Research Fellowship (JRF) परीक्षा उत्तीर्ण किये है अथवा वाह्य संस्थाओं/एजेन्सीयों द्वारा प्रायोजित शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो/जे0आर0एफ0 आदि, को Ph.D. में प्रवेश दिय जाने के निर्णय का अवलोकन किया गया।

2019.1.19 **<u>विश्वविद्यालय द्वारा टेक्विप तृतीय चरण के अन्तर्गत रू0 6000.00 ए0जी0पी0 पर कार्यरत सहायक आचार्यो को उनके द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ किये जाने हेतु रू0 2.0 लाख तक की वित्तीय सहायता के लिए आरम्भ किये गये Research Initiation Grant योजना का अवलोकन।</u>**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा टेक्विप तृतीय चरण के अन्तर्गत रू0 6000.00 ए0जी0पी0 पर कार्यरत सहायक आचार्यो को उनके द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ किये जाने हेतु रू0 2.0 लाख तक की वित्तीय सहायता के लिए आरम्भ किये गये Research Initiation Grant योजना का अवलोकन किया गया।

2019.1.20 <u>विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतम एम0टेक0 योग्यताधारी नियमित शिक्षकों को शैक्षणिक सत्र 2017-18 तथा 2018-19 में अंशकालिक पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में दिये गये प्रवेश का अवलोकन।</u>

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकतम एम0टेक0 योग्यताधारी नियमित शिक्षकों को शैक्षणिक सत्र 2017-18 तथा 2018-19 में अंशकालिक पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में दिये गये प्रवेश का अवलोकन किया गया।

<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।</u>

बैठक अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन सहित समाप्त हुई।

(प्रो0 डी0 के0 द्विवेदी)
सदस्य/सचिव
आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)

<u>अनुमोदित</u>

(प्रो0 श्री निवास सिंह)
अध्यक्ष
कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

(92) संलग्नक - 1

**$01^{st}$ November 2017 to $31^{st}$ December, 2018**

| Name of Department | Training | Conference | STC | Faculty Development Programme | Workshop |
|---|---|---|---|---|---|
| Civil Engineering | --- | --- | 01 | --- | 01 |
| Computer Science & Engineering | --- | --- | 01 | --- | 07 |
| Electrical Engineering | --- | 02 | 01 | --- | 01 |
| Electronics & Comm. Engineering | --- | --- | 03 | --- | 05 |
| Mechanical Engineering | --- | --- | 01 | --- | 01 |
| Chemical Engineering | --- | 01 | --- | --- | --- |
| Information Technology & computer Science | --- | --- | --- | --- | 01 |
| Applied Science Department | --- | 01 | 01 | --- | 03 |
| MBA | 02 | --- | --- | --- | --- |